तुम्हारी शरण मिल गयी सांवरे

तुम्हारी शरण मिल गयी सांवरे, तुम्हारी कसम जिंदगी मिल गयी,
हमे देखने वाला कोई ना था, तुम जो मिले बंदगी मिल गयी,
तुम्हारी शरण मिल गयी सांवरे....

बचाते ना तुम डूब जाते कन्हैया, कैसे किनारे लगाते ये नैया,
गम जिंदगी से परेशान थे, रोते लबो को हंसी मिल गयी,
तुम्हारी शरण मिल गयी सांवरे....

समझ के अकेला सताती यह दुनिया, सितम पे सितम ढाती ये दुनिया,
ग़नीमत है ये तुम मेरे साथ हो, मुझे आपकी दोस्ती मिल गयी,
तुम्हारी शरण मिल गयी सांवरे....

मूझे श्याम तुमपे भरोसा बहुत है, तुमने हमे पाला पोसा बहुत है,
आंखों का मेरी उजाला हो तुम, अंधकार को रोशनी मिल गयी,
तुम्हारी शरण मिल गयी सांवरे....

मुझे सांवरे इतना काबिल बना दो, प्रेम की ज्योति हृदय में जगा दो,
उंगली उठाके कोई ये ना कहे, संजु के दिल मे कमी रह गयी,
तुम्हारी शरण मिल गयी सांवरे....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25899/title/tumhari-sharan-mil-gayi-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |